नईदुनिया

रिश्वत मांगना अपराध है, सरकारी काम नहीं

भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 17-ए का संरक्षण नहीं मिलेगा

सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी एवं न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया ने तेजाराम बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान की याचिका में निर्णय दिया है कि रिश्वत मांगना अपराध है, यह सरकारी कार्य नहीं है। इसमें अभियोजन की स्वीकृति का लाभ नहीं दिया जा सकता।

याचिका के तथ्यों के अनुसार, आरोपी तेजाराम राजस्थान पुलिस का सिपाही था और सिरोही में डीवाईएसपी कार्यालय में पदस्थ था। शिकायतकर्ता भी सिपाही देवेंद्र कुमार था, जिसका आरोप था कि तेजाराम ने एसपी साहब के नाम पर 1.5 लाख रुपये रिश्वत मांगी। आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया गया।

आरोपी तेजाराम ने बिना अभियोजन की स्वीकृति आपराधिक प्रकरण दर्ज करने को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उसका बचाव था कि शिकायत झूठी है और बदला लेने के लिए की गई है। साथ ही, भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 की धारा 17-ए के तहत पहले सरकार से अभियोजन की अनुमति नहीं ली गई, इसलिए प्रकरण विचारणीय नहीं है।

जी. के. छिब्बर

भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 का प्रावधान क्या है?

यदि किसी सरकारी अधिकारी ने ड्यूटी निभाते हुए कोई सिफारिश की या निर्णय लिया, तो उसके खिलाफ जांच से पहले सरकार से सहमति लेना आवश्यक है। इसका उद्देश्य यह है कि ईमानदारी से लिए गए फैसलों के लिए अधिकारियों को परेशान न किया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय में कहा कि भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 की धारा 17-ए हर मामले में लागू नहीं होगी। यह व्यापक संरक्षण नहीं है। इसका निर्णायक शब्द है, 'सेवा के दौरान अपने कार्य का निर्वहन करते हुए', अर्थात ड्यूटी पर रहते हुए। रिश्वत मांगना, गबन और धोखाधड़ी कभी भी सरकारी सेवा का हिस्सा नहीं हो सकते। इसलिए रिश्वत मांगने के मामले में धारा 17-ए के तहत अनुमति की आवश्यकता नहीं है। आरोपी के विरुद्ध जांच और आरोपपत्र विधिसम्मत हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने राजस्थान उच्च न्यायालय का निर्णय बरकरार रखते हुए कहा कि रिश्वत मांगना विशुद्ध आपराधिक कृत्य है। यह लोकसेवक के सरकारी कार्य से जुड़ा नहीं है।

मानस भवन में 28 से स्वामी अनुभवानंद के प्रवचन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः तुलसी मानस प्रतिष्ठान और महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम् के संयुक्त तत्वावधान में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक मानस भवन स्थित श्रीरामकिंकर सभागृह में छह दिवसीय सत्संग आयोजित किया जाएगा। 'वेदांत व्यवहार' ज्ञान-सत्र श्रृंखला का यह 17वां आयोजन है। कार्यक्रम में स्वामी अनुभवानंद प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक वेदांत के सिद्धांत ग्रंथ पंचदशी के आनंद खंड के 11वें अध्याय पर प्रवचन देंगे। वहीं, शाम 7 से 8 बजे तक महाभारत के उद्योग पर्व के सनत्सुजातीय अध्याय 43 और 44 पर व्याख्यान होगा। महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम् के अध्यक्ष प्रभुदयाल मिश्र ने बताया कि 31 अक्टूबर की शाम वेदज्ञ विद्वान डॉ. मुरलीधर चांदनी वाला को महर्षि अगस्त्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। 28 अक्टूबर को प्रथम संध्या सत्संग में अनंतश्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार भी उपस्थित रहेंगे। मानस भवन परिवार द्वारा उनका आत्मीय सम्मान किया जाएगा। स्वामी अनुभवानंद का भोपाल आगमन 28 अक्टूबर को शाम 6 बजे होगा।

जनजातीय संग्रहालय में आज से होगा पुतुल समारोह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर, कोलकाता के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर तक पुतुल समारोह आयोजित किया जाएगा।

संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कठपुतली कला की विभिन्न शैलियों पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी। समारोह के पहले दिन 22 अक्टूबर को मुंबई के सत्यजीत रामदास पाधेय और साथी बोलती गुड़िया एवं दस्ताना शैली में 'कठपुतलियों का संसार कहानी' प्रस्तुत करेंगे। 23 अक्टूबर को मणिपुर के बसंत शर्मा और साथी धागा शैली में 'नट संकीर्तन' एवं 'एक गोपी, एक श्याम-रासलीला' का मंचन करेंगे।

24 अक्टूबर को सिंधुदुर्ग के बालकृष्ण गणपत मसगे और साथी धागा, छाया एवं दस्ताना शैलियों में 'सीतायन प्रसंग' और 'कर्ण की कथा' प्रस्तुत करेंगे। समारोह के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को कोलकाता के सुदीप गुप्ता और साथी छड़ एवं धागा शैली में 'एकांकी धनुर्धर' का मंचन करेंगे। समारोह के दौरान बच्चों के लिए विशेष शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसमें बच्चे कठपुतलियां बनाना, उनके हाव-भाव और गतिविधियों को समझना तथा उनके माध्यम से छोटी कहानियां प्रस्तुत करना सीखेंगे। विभिन्न सामग्रियों से कठपुतलियों के पात्र तैयार करने की गतिविधियों के जरिए बच्चों की सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक कठपुतली कला के प्रति रुचि विकसित करना है।

मुख्यमंत्री ने ब्रांज मेडल जीतने पर दी बधाई

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशिया पैरा गेम्स-2026 में पुरुष शॉटपुट एफ56/एफ57 स्पर्धा में ब्रांज मेडल जीतने पर भारत के पैरा एथलीट श्री होकाटो होटोझे सेमा को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस नियम 14)

cess Id: 242114/2026 — अपील क्रमांक AC/158/2025 — Respondent No- 1

SUNIL NAGAR अपीलार्थी — Fixed for 23.10.2026

JAMUNA PRASAD प्रार्थी

सन्......के......क्रमांक ....सन्...... में न्यायालय .... () की डिक्री/आदेश, दिनांक...... के विरुद्ध अपील।

प्रति,
1. Jamuna Prasad S/o Shri Shobharam Yadav, R/o Village Guradiya, Tehsil Huzur, District-Bhopal,
2. Vijay Singh S/o Shri Shobharam Yadav R/o Village Guradiya Tehsil Huzur, District Bhopal
3. Kamta Prasad S/o Shri Harkishan Yadav, R/o Village Godarmal (Godarmau), Tehsil Huzur, Dist. Bhopal.
प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक: कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 23.10.2026 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिन एक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक: कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 23.10.2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक मे शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-

कागज का विवरण दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या (1)	पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियां आदि का उदारण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें। (2)	कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3)

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 23.10.2026 एक रिक्त सूची फाइल करें।

आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगा और निर्णय दिया जाएगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक ....को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

-:आम-सूचना:-

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी 1, भोपाल की ओर से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि श्री सुनील सोनी आत्मज स्व. श्री व्ही. पी. सोनी द्वारा, उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय मकान नं. नाइटेन्गल 12, जिसका क्षेत्रफल 143.00 वर्गमीटर है, जो आकृति ईको सिटी, ग्राम-बावड़िया कलां, वार्ड नं. 52, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब में-विक्रेता का भूखण्ड, पश्चिम में रोड़, उत्तर में भूखण्ड नं.-13. एवं दक्षिण में-भूखण्ड नं.-11. को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय-पत्र दिनांक 09/01/2007, जो उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में ग्र.नं.25503, द.क्र.-4116ग पर विधिवत पंजीबद्ध है, वर्ष 2015 में कहीं गुम हो जाने के कारण उनके पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना एम.पी. नगर, जिला भोपाल में दिनांक 27/08/2015 को दस्तावेज गुम हो जाने के संबंध में सूचना दी गई थी। उक्त खो गये मूल विक्रय-पत्र का कोई दुरूपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शाराकीय-अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल विक्रय-पत्र, किसी भी व्यक्ति को मिले या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

धर्मेन्द्र सिंह अधिवक्ता
Off.1-26, VARDHMAN GREEN PARK COLONY ASHOKA GARDEN, BHOPAL, M.P.
मो. 9827452301

1986

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म स्नेह आर्गेनिक इंटरप्राइजेस (SNEH ORGANIC ENTERPRISES) पंजीयन क्र.01/01/01/0492/23 सन् 2022-23 पता H-19, नेता जी हिल्स, कोलार रोड भोपाल मे जो स्थित है फर्म में पार्टनर मोहित दांगी पुत्र श्री सुरेश दांगी दिनांक 01 अप्रैल 2026 से भागीदारी से पृथक हो रहे है। उक्त दिनांक 01 अप्रैल 2026 से दो नये पार्टनर (1) रोहित कौशल S/o गोपाल सिंह कौशल (2) स्नेहलता कौशल W/o जी. एस. कौशल फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो रहे है। भविष्य में क्रमशः 3 भागीदारो द्वारा फर्म का संचालन किया जायेगा।

1985

जाहिर सूचना

(अविकसित व अव्यपवर्तित भूखण्ड जो भूमि खसरा क्र. 129/1/1 का अंश भाग होकर ग्राम दामखेड़ा, प.ह.नं.-21 वार्ड क्रमांक 67 तहसील हुजूर जिला भोपाल)

मैं, अपने पक्षकार द्वारा निर्देशित सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री समीर कुमार मिस्त्री आत्मज श्री आनंद मोहन मिस्त्री, निवासी-भारती निकेतन, कल्लास नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल के स्वामित्व व अधिपत्य का एक अविकसित व अव्यपवर्तित भूखण्ड जो भूमि खसरा क्रमांक 129/1/1 का अंश भाग होकर ग्राम दामखेडा (मुख्य मार्ग से अंदर) Eco Green City के पास, पटवारी हल्का नंबर 21 वार्ड क्रमांक 67 तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है तथा उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 27.0 फीट x90.0 फीट =2430 वर्गफिट अर्थात 225.83 वर्गमीटर है, जिसको क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी गई है, यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, तथा ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **वीरेन्द्र महेड़िया** (अधिवक्ता)
पता : म.नं.-35, सूरज कुंज, ऋषिपुरम फेस-1, बरखेड़ा, भोपाल
मो. : 9039687820

1984

कार्यालय सामान्य वनमण्डल विदिशा

ई-मेल- dfotvidisha@mp.gov.in दूरभाष-07592-232967

ऑनलाइन निविदा सूचना-पत्र
- निविदा आमंत्रण-

सामान्य वनमण्डल विदिशा के अतंर्गत आने वाले विभिन्न परिक्षेत्रो में सोलर (ऑफ ग्रिड सिस्टम) क्रय किया जाना हैं। सोलर (ऑफ ग्रिड सिस्टम) क्रय के लिये ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा Date 21/10/2026 Time 10:00 AM to Date 04/11/2026 Time 01:00 PM तक निविदा आमंत्रित वित्तीय वर्ष 2026-27 लिये की गई हैं जिसका निविदा क्रमांक-F/VDS/02/GeM/2026-27 हैं।

क्रमांक	गतिविधि	
1.	आन लाईन निविदा जारी करने की तिथि	21/10/2026 Time 05:00 PM
2.	ऑन लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	04/11/2026 Time 01:00 PM
3.	बोली खोलने की तिथि और समय	05/11/2026 Time 01:00 PM
4.	निविदा के साथ जमा की गई ई.एम.डी. की राशि आन लाईन के https://www.GeM portal/माध्यम से	51,750/-
5.	निविदा पूर्व बैठक की तिथि और समय	23/10/2026 समय सुबह 11.00 से दोपहर 1.30 बजे तक
6.	संपर्क हेतु पता	कार्यालय सामान्य वन मण्डल विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.) मो. नं. 9424790971

1. निविदा मात्र ऑन लाईन ही स्वीकार की जावेगी। ऑन लाईन निविदा भारत सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट की साईट https://www.GeM portal/ की वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2. निविदा का विस्तृत विवरण https://www.GeM portal/ की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

हेमन्त यादव, भा.व.से.
वन मण्डल अधिकारी
सामान्य वन मण्डल विदिशा

जी-20341/26

सूडोकु नवताल- 7937

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7936 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

काकुरो पहेली - 7610



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7609 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9018



बाएँ से दाएँ

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन (अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

ऊपर से नीचे

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

शब्द पहेली -9017 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7449

ऊपर से नीचे:-

१. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7448

ब्लै	क	मे	ल		सौ	दा	ग	र	
	र्ज		की	म	त		द		माँ
आं		सू	र		न	फ	र	त	
दो	रा	हा		खे		की		नु	
ल		ग	ज	ल		रा	जा	जा	नी
न			मी		सं		ल		य
	गॅ	वा	र		जो	र		अं	त
को		रि		आ	ग		जो	श	
ह	व	स		द		खु	शी		लै
रा			ज	मी	न		ला	ड	ला

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7543

	5	2	3	7		
1	**33**		**40**		**34**	6
7		4	6		2	3
	27	5	**34**	1	**29**	
2				4		5
	25	6	**30**		**38**	
	4		5	2		7

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7542 का हल

2	6	4	1	5	3	7
6	**37**	5	**28**	2	**26**	1
7	5	2	6	3	1	4
1	**31**	6	**33**	4	**28**	2
3	6	1	4	7	2	5
4	**31**	3	**33**	6	**36**	6
5	2	7	4	1	6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8563

र	रा	डा.	आं	बे	ड	क	र	झ	क	अ
वि	च	र	ह	रिं	लै	ता	दि	शा	को	ब्दु
शं	र	ह	वि	नो	बा	भा	वे	ला	ल	ल
क	म	दा	च	ल	क	इं	हा	दा	रा	क
र	जा	र	सी	हा	मि	री	दि	स	जी	ला
ह	कि	प	वी	दा	ह	ला	ती	रा	व	म
ट	र	बु	र	र	म	ट	ह	ला	गां	क
बा	हु	वा	म	क	छ	सौ	न	ट	धी	धी
स	सैं	तें	न	ह	अ	म	र्त्य	से	न	द
र	न	प	ति	रं	ट	ऐ	बें	न	रु	थो
म	द	र	टे	रे	सा	बौ	ख	ला	ह	ट

शब्द जाल में 10 भारत रत्न प्राप्त लोगों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

रवि शंकर, अमर्त्य सेन, राजीव गांधी, अब्दुल कलाम, डा. आंबेडकर, सी.वी. रमन, जाकिर हुसैन, मदर टेरेसा, इंदिरा गांधी, विनोबा भावे

शब्दजाल - 8562 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore